दिनांक **11.01.2018**

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् गुरुवार को वार्ड 9 में चौपाल लगाई

भिलाईनगर/ निगम महापौर देवेन्द्र यादव ने भिलाई के गोठ कार्यक्रम के तहत् आज नेहरु नगर जोन के अंतर्गत वार्ड 9 पुरानी बस्ती कोहका में निगम के अधिकारियों , एवं वार्ड के गणमान्य नागरिकों के साथ वार्ड का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कोहका तालाब का निरीक्षण करते हुए तालाब की हालात एवं फैले कचरे तथा बदबु को देखकर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। निगम महापौर श्री यादव ने चैपाल के दौरान उपस्थित महिलाएं एवं पुरुष के द्वारा वार्ड की समस्या से संबंधित आवेदन एवं अपनी वार्ड से संबंधित समस्याएं महापौर के समक्ष रखी जिसके निराकरण के लिए निगम के अधिकारियों को निर्देश दिये।

वार्ड के नागरिकों के द्वारा प्रमुख रुप से क्षेत्र में कोहका तालाब की हालात और मोहल्ले के वातावरण में फैली बदबु, तालाब के किनारे रहने वाले नागरिकों के द्वारा घर से निकलने वाले गंदा पानी जो तालाब में सीधे पहुंच जाता है उक्त पानी के उपयोग करने से कभी भी गंभीर बिमारी फैलने की आशंका बनी रहती है उक्त तालाब से गंदा पानी की निकासी की मांग रखी गई जिसपर महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को सक्त निर्देश देते हुए कहा कि तालाब से दुषित पानी निकाले जाने के संबंध में एक प्रपोजल तैयार करें, तथा ऐसे तालाब जहाॅ नागरिकों के द्वारा उपयोग में लाये जा रहे हैं ऐसे तालाबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नियमित रुप से निरीक्षण करने की हिदायत दी गई ऐसे कार्य पर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी, कर्मचारियो पर कार्यवाही की जावेगी।

वार्ड नागरिकों ने वार्ड में आंगनबाड़ी , सफाई व्यवस्था , मंदिर के पास स्थित मंच के संधारण, मजदुर कार्ड , राशन कार्ड , पेयजल व्यवस्था , विद्युत व्यवस्था , बेजा कब्जा हटाने , जाम नत्रनाली को सफाई कराने एवं अन्य मूलभुत समस्या की मांग महापौर के समक्ष रखी गई उक्त मांगों पर निगम महापौर श्री यादव के द्वारा आंगनबाड़ी के लिए स्थल चयन करने , सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने एवं संधारण हेतु प्रपोजल तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये।

महापौर देवेन्द्र यादव ने लोक सुराज अभियान 2018 में नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा 12, 13 एवं 14 जनवरी को मुख्य कार्यालय एवं समस्त जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है जो 10 से 5 बजे तक आयोजित है उक्त शिविर में वार्ड के नागरिक पहुंचकर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त कर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन शिविर स्थल पर प्रस्तुत कर सकते है जिसके निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है आवेदन फार्म जमा में संलग्न करने हेतु आधार कार्ड अपना मोबाईल नम्बर

अवश्य संलग्न करें। कोई भी आवेदक तीन प्रकार से आवेदन कर सकते है। सीधे शिविर स्थल पर पहुंचकर आवेदन भरकर जमा कर सकते हैं। इसके अलावा आॅनलाईन माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

जन सम्पर्क अधिकारी